Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	04
Date	27th September 2017

दैनिक भास्कर

डांडिया नाइट पर महिलाओं ने की मस्ती

भास्कर न्यूज़। गुड़गांव

सोमवार रात सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी सोसायटी में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसायटीज के लोगों के साथ-साथ उनके रिश्तेदारों व दोस्तों ने भी नाइट का मजा लिया। लोगों को डीजे पर झूमते देखता गया। महिलाओं ने भी डांडिया से भरे गीतों पर जमकर मस्ती की।

इस मौके परलगी स्टॉल्स से लोगों ने खरीदारी की। खाने पीने की स्टॉल्स पर बच्चों से लेकर बड़ो को तरह-तरह के वंयजनों का मजा लेते देखा गया। डांडिया में मस्ती कर रही ज्योति बताती हैं कि सोसायटीज में इस तरह के कार्यक्रम होने का फायदा रहता है। सेफ्टी के साथ-साथ क्राउड भी अच्छी मिलता है। ममता बताती है कि जिन दोस्तों से आम दिनों में नहीं मिल पाते उन्हें त्योहारों में मिल भी लेते है और साथ में एंजाय भी कर लेते हैं। डांडिया कर रही महिलाओं के ग्रुप में शामिल दीपा कहती हैं कि डांडिया नाइट को लेकर उनका ग्रुप एक्साइटिड था।

गुड़गांव. वाटिका सिटी में डांडिया करतीं महिलाएं।

सबने पहले से ही प्लान कर लिया था कि ड्रेस में क्या पहनना और सभी ने स्पेशल डांडिया भी खरीदी ताकि त्योहार का एक साथ मजा लिया जा सके। डाडियां के साथ-साथ लोगों को पारंपरिक चीजों की खरीदादरी करते भी देखा गया। अपने लिए ज्वेलरी पसंद कर रही बिंदु कहती है कि दीवाली ऐसा त्योहार जिसमें बेहद ही ट्रेडशिनयल लुक होनी चाहिए। इसी के चलते पारंपरिक स्टाइल की ज्वेलरी खरीद रही हूं। पानीपूरी का स्वाद चख रही निधी कहती हैं कि वैसे तो बाहर कहीं रोड साइड चीजें खाना पसंद नहीं है लेकिन सोसायटी में जब भी पानी पूरी और दही चाट की स्टाल लगती है तो इसका स्वाद जरुर चखने के लिए आती है।